जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम

डी0पी0ई0पी0 – III

संशोधित पर्सपेक्टिव प्लान
(Revised Perspective Plan)
वर्ष 2000–05

जनपद – चम्पावत

उत्तरांचल

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम – III

संशोधित पर्सपेक्टिव प्लान
वर्ष 2000–05

जनपद चम्पावत

अनुक्रमणिका

अध्याय संख्या	अध्याय /सारणी	पृष्ठ संख्या	
		से	तक
01	भाग 01 जनपद का परिचय	1	6
	भाग 02 जनपद का शैक्षिक परिदृश्य	7	15
	भाग 03 परियोजना के प्रमुख लक्ष्य एवं उद्देश्य	16	16
02	परियोजना की अद्यतन प्रगति (भौतिक एवं वित्तीय)	17	35
03	परियोजना के लक्ष्यों में अन्तराल की स्थिति	36	37
04	अतिरिक्त प्रस्तावित कार्यक्रम सिविल एवं अन्य	38	38
05	संशोधित कार्ययोजना एवं बजट संशोधित पर्सपेक्टिव प्लान सारणी, सारणी ई., ई.1, Abstract of AWP & B Proposals 2000-05, Statement of Civil Work and Management Cost	39	51

संशोधित पर्सपेक्टिव प्लान

अध्याय–01

भाग–1 जनपद का परिचय : (DISTRICT PROFILE)

भूमिका:

किसी भी शैक्षिक योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं शतशः सफलता के लिए योजना लक्ष्यों को प्रभावित करने वाले कारकों की पहचान कर लेना आवश्यक है। भू–रचना, जलवायु, मौसम, रीतिरिवाज, आस्थाएँ इन सबसे शिक्षा का गहरा सम्बन्ध है। कोई भी शिक्षा योजना इन भिन्नताओं को ध्यान में रखे बिना धरातल पर खरी नहीं उतर सकती।

जनपद की क्षेत्रीय आवश्यकताएँ, अपेक्षाएँ, भौगोलिक परिस्थितियाँ, समस्याएँ एवं उपलब्ध मानवीय व भौतिक संसाधनों की जानकारी निम्नांकित बिन्दुओं में वर्णित की जा रही है।

जनपद की स्थापना:

जनपद चम्पावत का सृजन 15 सितम्बर 1997 को पैतृक जनपद पिथौरागढ़ के तहसील चम्पावत के चार विकास खण्डों पाटी, बाराकोट, लोहाघाट, चम्पावत को पृथक कर किया गया है। बाद में जनपद उधमसिंहनगर के 35 राजस्व ग्रामों एवं टनकपुर नगर पंचायत व बनबसा छावनी क्षेत्र को भी इस जनपद में सम्मिलित किया गया है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:

प्राचीन काल से ही इस क्षेत्र का ऐतिहासिक दृष्टि से बड़ा महत्वपूर्ण स्थान रहा है। प्राचीन काल में यह क्षेत्र नाग, किन्नर, खस आदि जातियों का मूल स्थान रहा है। वर्तमान में विकास खण्ड चम्पावत में स्थित खिरद्वारी गॉव में 'राजी' (बनरावत) जनजाति की उपस्थिति तत्कालीन किन्नर जाति के निवास करने को प्रमाणित करता है। जनपद में विद्यमान अनेक अभिलेख, शिलाएँ, स्तम्भ तथा मन्दिर महाभारतकालीन सभ्यता को प्रमाणित करते हैं। घटोत्कच मंदिर, ऐड़ी (अर्जुन) मंदिर, बालेश्वर मंदिर ताड़केश्वर, वाणासुर का किला, देवीधूरा का मॉ बाराही देवी मंदिर तथा न्याय के देवता के रूप में मान्य गोलज्यू का मंदिर इस क्षेत्र के प्राचीन ऐतिहासिक महत्व को उजागर करते हैं।

मध्यकाल में कत्यूर साम्राज्य के प्रभुत्व का प्रमाण भी ऐतिहासिक संग्रहों में मिलता है। अर्जुन देव ने अपनी कन्या चम्पादेवी का विवाह इलाहाबाद के सोमचन्द से करने के उपरान्त 11वीं सदी में चन्द राजाओं ने इस क्षेत्र में चन्द वंश की स्थापना का श्रीगणेश किया। कालान्तर में 1790 ई० में गोरखा राज्य के प्रभुत्व में आने पर चन्द साम्राज्य अस्तित्वहीन हो गया। तत्पश्चात् ब्रिटिश शासकों ने इस क्षेत्र को अपने साम्राज्य के अधीन कर लिया।

भौगोलिक स्थितिः

भौगोलिक विस्तार की दृष्टि से जनपद चम्पावत 29^0, 5^1 उ0 अक्षांश से 29^0, 30^1 उ0 अक्षांश तक तथा 79^0, 59^1 पूर्वी0 देशान्तर से 80^0, 3^1 पूर्वी देशान्तर के मध्य फैला है।

सीमाः

उत्तर में राम गंगा नदी जनपद पिथौरागढ़ से पश्चिम में पनार नदी जनपद अल्मोड़ा से दक्षिण में जगबूडा नदी जनपद उधमसिंहनगर से तथा द0प0 में स्थित ऊँची पर्वत चोटियॉ व लधिया नदी जनपद नैनीताल से सीमा का निर्धारण करती हैं। पूर्व की ओर काली नदी नेपाल देश के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का निर्धारण करती है जो कि सामरिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है।

समुद्र तल से ऊचाईः

जनपद की विभिन्न क्षेत्रों में समुद्र तल से न्यूनतम ऊँचाई 200 मीटर (टनकपुर) व अधिकतम ऊँचाई 7550 मीटर (देवगुरू पर्वत चोटी) है।

स्थलाकृतिः

ऊँची ऊँची पर्वत श्रृंखलाएँ, गहरी घाटियॉ, ढालूदार भूमि, कटी–फटी पथरीली चट्टाने, नदी नालों, अल्प तराई मैदानी भू–भाग जनपद चम्पावत की स्थलाकृति की परिचायक है। भौगोलिक रचना की दृष्टि से जनपद की स्थलाकृति मुख्यतः तीन भागों में बॉटी जा सकती है।

1) तराई/भावर क्षेत्रः यह क्षेत्र कृषि योग्य मैदानी एवं ऊष्ण जलवायु वाला भू–भाग है।

2) शिवालिक क्षेत्रः यह क्षेत्र 200 से 1200 मीटर ऊँचाई वाला भू–भाग है। यह भाग वनों से आच्छादित तथा तीव्र ढालूदार तथा कटी–फटी स्थलाकृति वाला हैं।

3) ऊँचे पर्वतीय क्षेत्रः यह क्षेत्र समुद्र तल से 1200 मीटर से 7550 मीटर की ऊँचाई वाला भाग है। यह भाग नदी नाले, पर्वत, घाटियॉ तथा अल्प कृषि योग्य भूमि वाला भाग है।

जलवायु/मौसमः

जनपद चम्पावत विभिन्न प्रकार की जलवायु वाला भू–भाग है। एक ओर तराई भावर का गरम क्षेत्र है, कम ऊँचाई वाले शिवालिक क्षेत्र की चट्टानें, घाटियॉ शीतोष्ण क्षेत्र है वहीं दूसरी ओर ऊँचे पर्वतीय क्षेत्र हैं जो अत्यंत ठंडी जलवायु वाले क्षेत्र हैं। तराई क्षेत्र में 20 सेंमी0 औसत वार्षिक वर्षा होती है तथा सर्दियों में ठंड तथा कोहरा छाया रहता है। हवा, कोहरा, आर्द्रता आदि विभिन्न क्षेत्रों के अनुरूप भिन्न–2 हैं। मई से जुलाई गरम तथा दिसम्बर से फरवरी ठंडे महीने हैं। गर्मियों में पहाड़ के ऊँचाई वाले क्षेत्र एवं जाड़ों में वर्फ से आच्छादित चोटियां पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहते हैं।

पशु पक्षीः

विभिन्न वन्य प्रजातियॉ चीता, तेंदुआ, हाथी, नीलगाय, चीतल, कॉकड़, बारासिंघा, घुरड़ हिरन, भालू, बन्दर, लंगूर, सुंअर आदि हैं। अनेक सरीसृप प्रजातियॉ तथा सुन्दर पक्षियॉ भी यहॉ निवास करती है। बर्ड–माइग्रेशन के रूप में साइबेरिया से आने वाली अनेक पक्षी प्रजातियॉ भी यहॉ अपनी बिहार स्थली बनाते हैं।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक विशेषताऍः

धार्मिक दृष्टि से इस क्षेत्र को सभी धर्मो का संगम स्थल भी कहा जा सकता है। जहॉ एक ओर हिन्दू देवताओं एवं पाण्डव युग के मंदिर हैं। वहीं दूसरी ओर जनपद के पश्चिमी छोर में सिक्खों का पवित्र गुरूद्वारा "रीठासाहिब" है। जनपद के समीप 'खूना' नामक स्थान पर मुस्लिम धर्म की मस्जिद व बनबसा में इसाई लोगों की चर्च भी स्थित है। आराध्य देवी मॉ बाराही, देवीधूरा के मंदिर में प्रतिवर्ष रक्षाबन्धन के दिन 'बग्वाल' (पाषाण युद्ध) भी प्राचीनतम युद्ध कौशल की याद दिलाता है। जनपद के अन्तर्गत 16 किमी0 दूरी पर स्वामी विवेकानन्द का पवित्र अद्वैत आश्रम मायावती नामक स्थान पर स्थित है। जो उनके जीवन के आदर्शो के साथ–2 धर्म, शिक्षा एवं आध्यात्म का ज्ञान कराता है।

आर्थिक / सामाजिक दशाः

यहॉ की अर्थव्यवस्था मुख्यतः नौकरी पेशे पर निर्भर है। कृषि कार्य एवं अन्य घरेलू कार्यों की जिम्मेदारी महिलाओं पर निर्भर है।

उपलब्ध संसाधन

वन सम्पदाः

जनपद का 65 प्रतिशत भू–भाग वनों से आच्छादित है तथा शेष 35 प्रतिशत भू–भाग कृषि योग्य, बंजर व चरागाह युक्त है। तराई क्षेत्र में साल, सागौन, शीशम, खैर, हल्दू, यूकेलिप्टिस, बॉस, जामुन, मालू, मदार, बेल आदि वनस्पतियॉ पाई जाती हैं। पर्वतीय भागों में मुख्यतः चीड़, देवदार, टुन, साल आदि इमारती वृक्ष तथा बॉज, काफल, जामुन, शीमल, उतीस आदि ईधन वाले वृक्ष तथा बॉस, भीमल, रामबॉस आदि अन्य वनस्पतियॉ तथा खड़क, तीमल, आदि चारे के रूप में प्रयोग की जाने वाली वनस्पतियॉ एवं कटीली झाड़ियॉ आदि यहॉ की प्रमुख वनस्पतियॉ हैं। वन सम्पदा यहॉ के लोगों के आर्थिक विकास का प्रमुख साधन है।

खनिज सम्पदा:

हिमालयी क्षेत्र की खनिज सम्पदाओं की विशेषताओं के अनुरूप जनपद चम्पावत में भी खनिज सम्पदाओं की अपार सम्भावनाएँ हैं जैसे– ताँवा, सोना, मैग्नेसाइट, सीमेंट, चूना, खनिज तेल आदि। लेकिन वर्तमान में इन खनिजों का भण्डार सुरक्षित है।

जल संसाधन:

जल संसाधनों की दृष्टि से जनपद को मुख्यतः दो भागों में बाँटा जा सकता है।

1) तराई मैदानी एवं पर्वतीय घाटी वाला क्षेत्र: इस क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन उपलब्ध हैं। काली, सरयू, रामगंगा आदि बड़ी नदियाँ तथा पनार, लधिया, रतिया, क्वैराला, लोहावती आदि छोटी नदियाँ प्रवाहित होती हैं।

2) ऊँचाई वाले पर्वतीय भू–भाग: इस भाग में छोटे छोटे, नदी नाले जिनमें ग्रीष्म ऋतु में काफी कम मात्रा में जल रह जाता है अथवा सूख जाते हैं तथा छोटे–छोटे जल स्रोत एवं तालाब पाये जाते है। इस भाग में पेयजल के लिए इन्हीं तालाबों तथा स्रोतो पर निर्भर रहना पड़ता है। पर्वतीय क्षेत्र में होने वाला कृषि उत्पादन पूर्णतया वर्षा के जल पर निर्भर करता है। पर्वतीय क्षेत्र में स्थित घाटी वाला 3.1 प्रतिशत भू–भाग मात्र सिंचित क्षेत्र है।

कृषि उत्पादन:

जनपद के तराई भूभाग को छोड़कर शेष पर्वतीय क्षेत्र में सीमित मात्रा में पैदावार होती है। यहाँ की मुख्य फसलें आलू, मूँगफली, मिर्च, नाशपाती, आड़ू, सब्जी, सेव, सन्तरे, सोयाबीन, अदरक, लहसुन, आदि हैं।

जनपद का तराई वाला भू–भाग काफी उपजाऊ है, वहीं पर्वतीय भाग बहुत कम उपजाऊ है। पर्वतीय क्षेत्र में मात्र 35 प्रतिशत भू–भाग कृषि योग्य एवं मानव बसावत वाला भाग है। तराई भाग में गेहूँ, चावल, दलहन, तिलहन आदि खाद्यान्न तथा पर्वतीय भाग में अल्प मात्रा में गेहूँ, चावल व मोटे अनाज उगाये जाते हैं।

फलों तथा चाय उत्पादन की दृष्टि से पर्वतीय भाग बहुत उपयुक्त हैं। यहाँ के प्रमुख फल माल्टा, सन्तरा, नीबू, नाशपाती, सेब, आड़ू, खुमानी आदि हैं।

आन्तरिक (इन्फ्रास्ट्रक्चर) सुविधाएँ:

जनपद चम्पावत का तराई क्षेत्र रेल मार्ग (टनकपुर) से जुड़ा है। पर्वतीय क्षेत्र को मैदानी भूगाग से जोड़ने वाले दो मुख्य सड़क मार्ग हैं। पर्वतीय भाग में कुछ सीमित क्षेत्र को छोड़कर सड़क यातायात की सुविधा न्यून है। जनपद सृजन के पश्चात सड़क दूरसंचार एवं विद्युत सुविधाएं धीरे धीरे विकसित हो रही है।

विकासात्मक योजनायें:

वर्तमान में जनपद चम्पावत के अन्तर्गत निम्नांकित विकास योजनाएँ संचालित की जा रही हैं

1. सुनिश्चित रोजगार योजना
2. समेकित ग्राम्य विकास कार्यक्रम
3. प्रधानमंत्री सड़क योजना
4. प्रधानमंत्री ग्रामीण रोजगार योजना
5. मण्डी परिषद द्वारा सड़कों का निर्माण
6. महिला समृद्धि योजना
7. नेडा – उरेडा (वैकल्पिक ऊर्जा विकास कार्यक्रम)
8. वायोगैस विकास कार्यक्रम
9. बार्डर एरिया डेवलेपमेन्ट कार्यक्रम
10. निराश्रित विधवा, भरण पोषण अनुदान योजना
11. जिला प्रोंथमिक शिक्षा कार्यक्रम
12. अनु0जाति/निर्वल वर्ग पुनर्वास योजना
13. अम्बेडकर ग्राम विकास योजना
14. राष्ट्रीय बचत कार्यक्रम

उपरोक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त जनपद में औपचारिक व अनौपचारिक माध्यमों से शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है। साक्षरता कार्यक्रम के तहत उत्तर साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला साक्षरता समिति चम्पावत विधिवत अपना कार्यक्रम संचालित कर रही है।

प्राशासनिक इकाईयां:

तहसील	02	न्याय पंचायत	24
जिला पंचायत	01	ग्राम पंचायत	283
नगर पालिका	01	राजस्व ग्राम	688
नगर पंचायत	02	बस्तियॉ	1246

जानसंख्या:

वर्ष 2001 की जनगणनानुसार जनपद चम्पावत की कुल जनसंख्या 224461 है। जिसमें से 110916 पुरूष तथा 113545 महिलाएँ हैं। लिंग अनुपात की दृष्टि से 1000 पुरूषों पर 1023 महिलाएँ हैं। ग्रामीण जनसंख्या 191727 हैं जिनमें 93238 पुरूष तथा 98489 महिलाएँ हैं। ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 95 प्रतिशत है जिनमें पुरूषों का प्रतिशत 48.6 तथा महिलाओं का 51.4 प्रतिशत है। कुल पुरूषों

का 84 प्रतिशत पुरूष तथा कुल महिलाओं का 86.7 प्रतिशत महिलाएँ ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती हैं. कुल शहरी जनसंख्या 32734 है। शहरी जनसंख्या का प्रतिशत 15 प्रतिशत है। जिसमें 54 प्रतिशत पुरूष तथा 46 प्रतिशत महिलाएँ हैं। जनपद का जनसख्या घनत्व 126 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। वर्ष 2001 की जनगणनानुसार जनपद चम्पावत की जनसंख्या का विवरण निम्नांकित तालिका में दर्शाया गया है:-

क्र0 सं0	विकास क्षेत्र	ग्रामीण जनसंख्या			शहरी जनसंख्या			कुल जनसंख्या		
		पुरूष	महिला	योग	पुरूष	महिला	योग	पुरूष	महिला	योग
1	पाटी	24371	25611	49982	–	–	–	24371	25611	49982
2	वाराकोट	13567	14259	27826	–	–	–	13567	14259	27826
3	लोहाघाट	20657	21709	42366	3242	2586	5828	23899	24295	48194
4	चम्पावत	34643	36910	71553	14436	12470	26906	49079	49380	98459
महायोग		93238	98489	191727	17678	15056	32734	110916	113545	224461

स्रोत: अर्थ एवं संख्याधिकारी, चम्पावत

जनपद की अनुसूचित जाति की जनसंख्या निम्न तालिका में दर्शाई जा रही है:

क्र0 सं0	विकास क्षेत्र	अनुसूचित जाति		
		पुरूष	महिला	योग
1	पाटी	3558	3534	7092
2	बाराकोट	3598	2908	6506
3	लोहाघाट	4564	4079	8643
4	चम्पावत	6527	6616	13143
कुल योग		18247	17137	35384

बालगणना वर्ष 2002 जनपद चम्पावत

विकास खण्ड	0–3 वर्ष के कुल बच्चे			3–6 वर्ष के कुल बच्चे			6–11 वय वर्ग के कुल बच्चे			11–14 वय वर्ग के कुल बच्चे		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	2338	2243	4581	2195	2163	4358	4212	4044	8256	2133	2006	4139
बाराकोट	1399	1207	2606	1198	1173	2371	2049	2057	4106	1147	970	2117
लोहाघाट	2203	2144	4347	2063	2035	4098	3781	3634	7415	1994	1685	3679
चम्पावत	4478	4190	8668	4177	3955	8132	7546	7044	14590	4268	3827	8095
योग	10418	9784	20202	9633	9326	18959	17588	16779	34367	9542	8488	18030

स्रोत बी.आर.सी.

भाग–2 जनपद का शैक्षिक परिदृश्य

भूमिकाः

जनपद चम्पावत जो कि उत्तरांचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के जनपदों में से एक है। पर्वतीय क्षेत्र की विषम धरातलीय बनावट, आर्थिक, सामाजिक दशाओं का यहां की शिक्षा व्यवस्था पहुँच, नामांकन, ठहराव एवं शैक्षिक गुणवत्ता पर प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। जनपद का वर्तमान शैक्षिक स्वरूप निम्नवत् दर्शाया जा रहा हैः–

साक्षरताः

वर्ष 2001 की जनगणनानुसार जनपद चम्पावत की साक्षरता दर निम्नांकित सारणी में प्रदर्शायी जा रही हैः–

वर्ष	पुरूष साक्षरता दर	महिला साक्षरता दर	योग	साक्षरता वृद्धि
1991	77.63%	32.62%	55.81%	-
2001	88.13%	54.75%	71.11%	15.3%

स्रोत– राज्य परियोजना कार्यालय देहरादून

उक्त सारणी से स्पष्ट है कि जनपद में पुरूष एवं महिला साक्षरता दर का अन्तराल 33.388 प्रतिशत है। महिला साक्षरता दर अति असन्तोषजनक है तथा शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र की साक्षरता दर न्यून व पुरूष महिला अन्तराल अधिक है।

वर्ष 2001 की जनगणनानुसार जनपद चम्पावत की साक्षरता दर का प्रदेश तथा देश से तुलनात्मक विवरण निम्नवत् दर्शाया जा रहा हैः

विवरण	जनपद चम्पावत	उत्तरांचल प्रदेश	भारत वर्ष
पुरूष	88.13%	84.01%	75.85
महिला	54.75%	60.26%	54.16
योग	71.11%	72.28%	64.38

जनपद में उपलब्ध शिक्षण संस्थाओं की प्रबन्धतंत्रवार स्थिति
जनपद चम्पावत

विकास खण्ड	प्राथमिक विद्यालय				ई.सी.सी.ई. विद ई.जी.एस.	ई.जी.एस.	ए.एस.	उच्च प्राथमिक विद्यालय				
	परि0	मा0 प्राप्त	अमा0	योग				परि0	सहा0 प्राप्त	मा0 प्राप्त	अमा0 प्राप्त	योग
पाटी	124	08	08	140	01	21	06	23	01	01	03	28
बाराकोट	70	03	02	75	00	04	00	17	—	—	01	18
लोहाघाट	100	20	05	125	00	17	01	18	—	04	02	24
चम्पावत	151	27	14	192	02	13	08	34	04	07	02	47
योग	445	58	29	532	03	55	15	92	05	12	08	117

हाई स्कूल						इण्टरमीडिएट				डिग्री		आई.टी.आई.	पैलि टेक्नीक
राज0	सहा0 प्राप्त	मा0 प्राप्त	सी.बी.एस.ई.	सं0 वि0	योग	राज0	सहा0 प्राप्त	नवोदय/केन्द्रीय	योग	राज0	सं0 वि0		
04	01	02	—	—	07	06	—	—	06	—	01	01	—
03	—	01	—	—	04	03	—	—	03	—	—	—	—
04	—	—	01	—	05	04	01	—	05	01	—	—	01
07	—	04	—	01	12	07	02	01	10	01	—	02	—
18	01	07	01	01	28	20	03	01	24	02	01	03	01

स्रोत डी.पी.ओ. चम्पावत

ऐसे हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट विद्यालय जिनमें कक्षा 6, 7 एवं 8 संचालित हैं की सूची निम्न तालिका में दर्शायी जा रही है–

क्र. सं.	विकास खण्ड	हाईस्कूल				इण्टर मीडिएट			
		राजकीय	रा0 प्रा0	मा0प्रा0	योग	राजकीय	सहा0 प्राप्त	मा0प्रा0	योग
1	पाटी	3	1	1	5	5			5
2	बाराकोट					4			4
3	लोहाघाट	2			2	4	1		5
4	चम्पावत	3		4	7	6	2		6
	योग	8	1	5	14	19	3		22

उपर्युक्त शिक्षण संस्थाओं में से बालिकाओं के लिए पृथक विद्यालयों की विकासखण्डवार स्थिति निम्नवत है:–

विकास खण्ड	प्राथमिक	उच्च प्राथमिक	हाईस्कूल	इण्टर–मीडिएट	डिग्री
पाटी	–	03	01	–	–
बाराकोट	–	05	01	–	–
लोहाघाट	–	05	–	01	–
चम्पावत	–	07	–	02	–
योग	–	20	02	03	–

स्रोत डी.पी.ओ. चम्पावत

पहुँच का विस्तारः (जी.ए.आर.)

जनपद की समस्त 1246 बस्तियों में प्राथमिक स्तरीय शैक्षिक सुविधा प्रदान करने हेतु जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 28 नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना तथा 15 वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र व 55 ई0जी0एस0 केन्द्रों को संचालित किया गया है, जिससे अद्यतन जनपद की कुल 1246 बस्तियों में से 1195 बस्तियां सेवित हुई हैं तथा जनपद का जी0ए0आर0 (सकल पहुँच दर) जो परियोजना पूर्व 76.8 था से बढ़कर 95.9 प्रतिशत हुआ है, शेष 4.1 प्रतिशत अन्तराल है। वर्ष 2004–05 में 10 बस्तियों हेतु ई0जी0एस0 केन्द्रों की स्थापना का लक्ष्य रक्षा गया है इससे जनपद का जी0ए0आर0 (सकल पहुँच दर) 96.7 प्रतिशत हो जायेगा। पहुँच के विस्तार की स्थिति निम्न तालिका में दर्शायी जा रही है:

परियोजना पूर्व जी.ए.आर.		परियोजना पश्चात वर्ष 2002 तक		कुल बस्तियाँ	सेवित बस्तियाँ	असेवित बस्तियाँ	जी.ए.आर. में वृद्धि
जी.ए.आर..	अन्तराल	जी.ए.आर..	अन्तराल				
76.8	23.2	95.9	4.1	1246	1195	51	19.1

छात्र नामांकनः

जनपद में डी0पी0ई0पी0 परियोजना के अन्तर्गत चलाये जा रहे कार्यक्रमों का 6–11 वय वर्ग के बच्चों के नामांकन पर अनुकूल प्रभाव दिखाई देता है। 6–11 वय वर्ग के बच्चों की शुद्ध नामांकन दर (एन0ई0आर0) 99.5 प्रतिशत है। इस आयु वर्ग के बच्चों में भी बालक तथा बालिकाओं के एन0ई0आर0 में 7.2 प्रतिशत का अन्तराल है। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर नामांकन एवं विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के नामांकन की स्थिति निम्नांकित तालिका में दर्शायी जा रही है:–

प्रप्राथमिक स्तर पर नामांकनः–

जनपद में 6–11 वय वर्ग के बच्चों की संख्या, पढ़ने एवं न पढ़ने वाले बच्चों का जातिवार विविवरण निम्नांकित तालिका में दर्शाया जा रहा है:–

6–11 आयु वर्ग के बच्चों की संख्या

विकास खण्ड	कुल			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जन जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	4212	4044	8256	768	721	1489	-	-	-	91	93	184
बाराकोट	2049	2057	4106	458	447	905	-	-	-	45	62	107
लोहाघाट	3781	3634	7415	844	852	1696	3	4	7	138	121	259
चम्पावत	7546	7044	14590	1452	1361	2813	34	33	67	626	547	1173
योग	17588	16779	34367	3522	3381	6903	37	37	74	900	823	1723

6–11 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन

विकास खण्ड	कुल			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जन जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	4207	4034	8241	767	718	1485	-	-	-	91	92	183
बाराकोट	2049	2054	4103	458	445	903	-	-	-	45	61	106
लोहाघाट	3765	3594	7359	837	843	1680	3	4	7	138	121	259
चम्पावत	7518	7007	14525	1444	1346	2790	32	31	63	625	539	1164
योग	17539	16689	34228	3506	3352	6858	35	35	70	899	813	1712

6–11 आयु वर्ग के स्कूल न जाने वाले बच्चों का विवरण

विकास खण्ड	कुल			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जन जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	5	10	15	1	3	4	-	-	-	-	1	1
बाराकोट	0	3	3	0	2	2	-	-	-	-	1	1
लोहाघाट	16	40	56	7	9	16	-	-	-	-	-	-
चम्पावत	28	37	65	08	15	23	02	02	04	01	08	09
योग	49	90	139	16	29	45	2	2	4	1	8	9

6–11 आयु वर्ग के बच्चों का शुद्ध नामांकन (एन. ई. आर.)

क्रम सं.	विकासखण्ड	एन ई आर											
		कुल			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जन जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
		B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
1	पाटी	99.9	99.8	99.8	99.9	99.8	99.8	-	-	-	100.0	99.9	99.9
2	बाराकोट	100.0	99.7	99.9	100.0	100.0	100.0	-	-	-	100.0	98.4	99.1
3	लोहाघाट	99.6	98.9	99.2	99.2	98.9	99.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0	100.0
4	चम्पावत	99.6	99.4	99.5	99.4	98.8	99.1	88.2	93.9	91.0	99.8	98.5	99.2
	योग	99.7	99.4	99.5	99.5	99.1	99.3	94.6	94.6	94.6	99.8	98.8	99.3

सकल नामांकन दर (जी. ई. आर.)

कम सं.	विकासखण्ड	जीईआर			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जनजाति		
		कुल								
		B	G	T	B	G	T	B	G	T
1	पाटी	102.0	104.1	103.0	105.9	103.7	104.9	-	-	-
2	बाराकोट	101.9	107.9	104.9	125.7	125.7	125.7	-	-	-
3	लोहाघाट	108.9	110.2	109.5	120.5	113.8	117.2	133.0	125.8	128.5
4	चम्पावत	105.2	112.9	108.9	110.5	119.5	114.9	111.8	112.1	111.9
	योग	104.8	109.6	107.2	113.9	115.5	114.7	113.5	113.5	113.5

रिपीटर्स दर:

कक्षा	कुल नामांकन		रिपीटर्स		कुल नामांकन का प्रतिशत		
					कुल रिपीटर्स प्रतिशत		कुल
	बालक	बालिका	बालक	बालिका	बालक	बालिका	
1	3812	4077	587	745	15.40	18.27	16.84
2	3187	3481	392	555	12.30	15.94	14.12
3	3078	3270	278	393	3.03	12.02	10.53
4	2846	2793	200	235	7.03	8.41	7.72
5	2550	2399	56	54	2.20	2.25	2.23
कुल	15473	16020	1513	1982	9.78	12.37	11.08

DISE Report 2002-03

11–14 आयु वर्ग के बच्चों की नामांकन की स्थिति

विकास खण्ड	11–14 आयु वर्ग के कुल बच्चों की संख्या											
	कुल			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जन जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	2133	2006	4139	323	235	558	-	-	-	46	49	95
बाराकोट	1147	970	2117	246	205	451	-	-	-	25	28	53
लोहाघाट	1994	1685	3679	330	233	563	3	2	5	64	53	117
चम्पावत	4268	3827	8095	965	740	1705	15	14	29	334	301	635
योग	9542	8488	18030	1864	1413	3277	18	16	34	469	431	900

विकास खण्ड	11–14 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन											
	कुल			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जन जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	2113	1912	4025	319	212	531	-	-	-	45	43	88
बाराकोट	1130	844	1974	243	169	412	-	-	-	25	28	53
लोहाघाट	1952	1499	3451	312	183	495	3	2	5	64	44	108
चम्पावत	4203	3492	7695	945	665	1610	11	12	23	323	278	601
योग	9398	7747	17145	1819	1229	3048	14	14	28	457	393	850

विकास खण्ड	11–14 आयु वर्ग के स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या											
	कुल			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जन जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	20	94	114	4	23	27	-	-	-	1	6	7
बाराकोट	17	126	143	3	36	39	-	-	-	-	-	-
लोहाघाट	42	186	228	18	50	68	-	-	-	-	9	9
चम्पावत	65	335	400	20	75	95	04	02	06	11	23	34
योग	144	741	885	45	184	229	04	02	06	12	38	50

विकास खण्ड	11–14 आयु वर्ग बच्चों का नामांकन											
	कुल			अनुसूचित जाति			अनुसूचित जन जाति			अन्य पिछड़ा वर्ग		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	99.0	95.4	97.2	98.7	89.3	94.8	-	-	-	97.8	87.7	92.6
बाराकोट	98.5	87.0	93.2	98.7	82.7	91.3	-	-	-	100.0	100.0	100.0
लोहाघाट	97.8	88.9	93.8	94.5	79.3	88.2	100.0	100.0	100.0	100.0	83.0	92.3
चम्पावत	98.4	91.2	95.0	97.9	89.9	94.4	73.3	85.7	79.3	96.7	92.4	94.7
योग	98.5	91.3	95.1	97.6	87.0	93.0	77.8	87.5	82.4	97.4	91.2	94.4

प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर प्रबन्धतंत्रवार छात्र नामांकन की स्थिति

सितम्बर 2002

विकास खण्ड	परि0 प्रा0 वि0			राज0			मान्यता प्राप्त			अमान्य			ई.जी.एस.			ए.एस.			महायोग		
	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
पाटी	3149	3512	6661	-	-	-	600	364	964	370	71	441	120	178	298	58	83	141	4297	4208	8505
बाराकोट	1678	2015	3693	-	-	-	235	124	357	129	41	170	35	40	85	0	0	0	2087	2220	4307
लोहाघाट	2658	3234	5892	-	-	-	1096	558	1684	300	85	385	55	85	140	07	13	20	4116	4005	8121
चम्पावत	5196	5795	10991	-	67	67	2117	1521	3638	338	199	537	143	201	344	145	169	314	7939	7952	15891
योग	12681	14556	27237	00	67	67	4048	2567	6643	1137	396	1533	353	504	867	210	265	475	18439	18385	36824

परिषदीय प्रा0वि0 में कार्यरत शिक्षकों की स्थितिः

जनपद में 445 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं इन विद्यालयों हेतु 247 प्रधानाध्यापक व 701 सहायक अध्यापक कुल 948 पद स्वीकृत हैं। स्वीकृत पदों के सापेक्ष 233 प्रधानाध्यापक तथा 336 स0अ0 कुल 569 अध्यापक तथा 196 शिक्षा मित्र कार्यरत हैं। इस प्रकार 445 विद्यालयों में शिक्षा मित्रों सहित 765 अध्यापक कार्यरत है। स्वीकृत पदों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में 183 पद रिक्त हैं। विकास क्षेत्रवार कार्यरत अध्यापकों की स्थिति निम्न तालिका में दर्शायी गई है:

क्र0 सं0	विकास क्षेत्र	विद्यालय	स्वीकृत पद			कार्यरत शिक्षक			योग
			प्र0अ0	स0अ0	योग	प्र0अ0	स0अ0	शिक्षा मित्र	
1	पाटी	124	-	-	-	76	55	60	191
2	बाराकोट	70	-	-	-	38	50	29	117
3	लोहाघाट	100	-	-	-	48	81	44	173
4	चम्पावत	151	-	-	-	71	150	63	284
योग		**445**	**247**	**701**	**948**	**233**	**336**	**196**	**765**

विकास क्षेत्रवार छात्र अध्यापक अनुपात (पी0टी0आर0)

जनपद के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में छात्र अध्यापक अनुपात 36:1 है। पी0टी0आर0 40 प्रतिशत से कम होने का कारण जनपद में प्राथमिक विद्यालय ऐसी बस्तियों में स्थित हैं जिनमें जनसंख्या 3300 से 400 के मध्य है, इन विद्यालयों की छात्र संख्या 80 से कम है। परन्तु न्यूनतम 2 अध्यापक प्रति विद्यालय के मानकानुसार पी0टी0आर0 40:1 से कम है। विकास क्षेत्रवार पी0टी0आर0 निम्न तालिका में ददर्शाया गया है:

क्र0 सं0	विकास क्षेत्र	विद्यालय	परिषदीय विद्यालयों में नामांकित बच्चे			कार्यरत शिक्षक			पी.टी.आर. शिक्षा मित्र सहित	पी.टी.आर. शिक्षा मित्र को छोड़कर
			बा0	बालि0	योग	नियमित	शिक्षा मित्र	योग		
1	पाटी	124	3149	3512	6661	131	60	191	35:1	51:1
2	बाराकोट	70	1678	2015	3693	88	29	117	32:1	42:1
3	लोहाघाट	100	2658	3234	5892	129	44	173	34:1	46:1
4	चम्पावत	151	5196	5795	10991	221	63	284	39:1	50:1
योग		**445**	**12681**	**14556**	**27237**	**569**	**196**	**765**	**36:1**	**48:1**

परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध भौतिक संसाधनों की स्थिति

जनवरी 2004 की स्थिति

विकास खण्ड	प्रा0वि0 की संख्या	छात्र संख्या	कुल अध्यापक (शि0मि0 सहित)	गवन वाले विद्यालय	कक्षा कक्षों की संख्या	विद्यालय की स्थिति			शौचालय युक्त	पेयजल युक्त	चहार-दीवारी युक्त	विद्युत संयोजन
						ध्वस्त	बृहद मरम्मत	लघु मरम्मत				
पाटी	124	6661	190	114	250	04	09	12	10	11	02	-
बराकट	70	3693	117	66	163	-	06	12	16	10	07	-
लोहाघाट	100	5892	173	93	221	02	04	37	20	17	04	01
चम्पावत	151	10991	284	140	362	03	23	28	34	51	12	02
योग	**445**	**27237**	**764**	**413**	**996**	**09**	**42**	**89**	**80**	**89**	**25**	**03**

भाग 03 परियोजना के प्रमुख लक्ष्य एवं उद्देश्य

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 एवं प्रोग्राम ऑफ एक्शन 1992 जिसमें प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण एवं शिक्षा के गुणात्मक उन्नयन के संकल्प को दोहराया गया, को आधार मानते हुए निम्नांकित तीन पहलुओं पर विशेष बल देना:

1. सार्वभौम पहुँच एवं नामांकन:
2. समस्त वर्ग के बालक/बालिकाओं का पूर्णकालिक विद्यालयी ठहराव:
3. शैक्षिक स्तरोन्नयन एवं अपेक्षित शैक्षिक सम्प्राप्ति:

उपर्युक्त उद्देश्यों के परिप्रेक्ष्य में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के निम्नांकित लक्ष्य निर्धारित किए गये हैं।

1. 6–11 वय वर्ग के प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुँच के विस्तार हेतु विद्यालयी सुविधा/समकक्ष विकल्प की व्यवस्था करना।
2. नामांकन, धारण एवं शैक्षिक सम्प्राप्ति में विभिन्न सामाजिक वर्गो एवं लिंग भेद के कारण होने वाले अन्तर को 5 प्रतिशत से कम तक सीमित रखना।
3. ड्रापआउट की दर को 10 प्रतिशत से कम तक सीमित रखना।
4. भाषायी एवं गणितीय क्षमताओं में न्यूनतम अधिगम की सम्प्राप्ति एवं अन्य विषयों में 40 प्रतिशत की सम्प्राप्ति।
5. शैक्षिक सम्प्राप्ति के स्तर में प्रथम आधारभूत सर्वे द्वारा मॉपे गये स्तर से कम से कम 25 प्रतिशत तक वृद्वि करना।

उक्त लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु जनपद में निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रम प्रस्तावित किए गये हैं:

1. प्राथमिक शिक्षा के पहुँच के विस्तार हेतु असेवित बस्तियों में विद्या केन्द्रों एवं शिक्षा घरों की स्थापना।
2. नवीन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना करना।
3. बालिकाओं एवं अपवंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर शैक्षिक वातावरण सृजन करना।
4. सामुदायिक सहभागिता हेतु कार्यक्रमों में ग्रामीण समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना।
5. विद्यालयी सुविधाओं का विस्तार कर उन्हें प्रभावी बनाना।
6. न्याय पंचायत, ब्लाक एवं जनपद स्तर पर अकादमिक संस्थाओं की स्थापना एवं उनका सुद्धढ़ीकरण करना।
7. विभिन्न स्तरों पर कार्यरत शैक्षिक अभिकर्मियों के दक्षता विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करना।
8. कार्यक्रयों के सफल क्रियान्वयन हेतु निरन्तर अनुश्रवण एवं मूल्यांकन सुनिश्चित करना।
9. सशक्त शैक्षिक सूचना एवं प्रबन्धन प्रणाली का विकास करना।
10. नियोजन प्रक्रिया को स्थानीय आवश्यकताओं, अपेक्षाओं, विशिष्टताओं पर केन्द्रित करना।

अध्याय – 02
परियोजना की अद्यतन प्रगति (भौतिक एवं वित्तीय)

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु, जनपद में परियोजनान्तर्गत संचालित प्रमुख कार्यक्रमों की वर्तमान स्थिति एवं निर्धारित लक्ष्यों के परिप्रेक्ष्य में विगत वर्ष तक की प्रगति घटकवार (Componentwise) चयनित क्रियाकलापों के अनुसार आगे दर्शायी जा रही है। प्रत्येक हस्तक्षेप की प्रगति का उल्लेख करने के लिए प्रमुख संकेतक लिखे गये हैं, जिनके सम्मुख वर्तमान प्रगति अंकित की गई है। वर्श 2003–04 तक जनपद की प्रगति स्थिति महत्वपूर्ण संकेतकों के अनुसार निम्नवत् है।

संकेतक	वर्तमान स्थिति		
• पहुँच दर (जी.ए.आर.)	95.9		
• नामांकन			
1. जी.ई.आर.	B	G	T
	104.8	109.6	107.2
2. एन.ई.आर.			
	99.7	99.4	99.5
• धारण			
1- आर.आर.			
	9.78	12.37	11.08
2. शालात्याग (Dropout)			
• अधिगम सम्प्राप्ति			
• सामाजिक समूहों के बीच असमानता			
• पी.टी.आर.	शिक्षा मित्र छोड़कर		शिक्षा मित्र रहित
	48:1		36:1

प्रगति परिदृश्य में दो मुख्य बिन्दुओं का उल्लेख किया जा रहा है– प्रथम बिन्दु में: वर्तमान स्थिति जिसमें क्रियान्वयन हेतु अपनाये गये क्रियाकलापों की वर्तमान स्थिति का उल्लेख है तथा द्वितीय बिन्दु में विगत वर्ष तक क्रियाकलापवार की गई प्रगति का उल्लेख है। इस हेतु सारणी 'क' संलग्न की गई है, साथ ही घटकवार प्रगति विवरण पृथक से भी दिया गया है।

निर्माण कार्यः

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति निम्न तालिका में दर्शायी जा रही हैः–

क्र0 सं0	कार्यक्रम	पूर्ण परियोजना का लक्ष्य	गत वर्ष तक संचित			अभ्युक्ति
			लक्ष्य	निर्माणाधीन	पूर्ण	
1	विकास खण्ड संसाधन केन्द्र	04	04	—	04	संचालित
2	न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र	23	23	—	23	संचालित
3	नवीन प्रा0वि0	28	28	—	28	संचालित
4	ध्वस्त भवनों का पुनर्निर्माण	20	20	—	20	संचालित
5	अतिरिक्त कक्षा कक्ष	102	102	02	100	02 में 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण
6	शौचालय	38	38	—	38	उपयोग में हैं
7	पेयजल	200	135	77	58	उपयोग में हैं
8	मरम्मत	158	158	—	158	उपयोग में हैं

सम्पूर्ण निर्माण कार्य पर व्ययः–

वर्ष	प्रस्तावित कार्य	लक्ष्य	नियोजित लागत	व्यय	स्पिल ओवर	संचित व्यय
2000–01	नवीन प्रा0वि0 निर्माण	28	2139.20	2139.20	-	-
	पुनर्निर्माण	-	-	-	-	-
	एन.पी.आर.सी. कक्ष	10	700.00	700.00	-	-
	शौचालय	-	-	-	-	-

2001–02	पुनर्निर्माण	20	1528.00	1528.00	-	-
	अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण	50	1400.00	1400.00	-	-
	एन.पी.आर.सी. कक्ष	13	910.00	910.00	-	-
	शौचालय	38	380.00	380.00	-	-
	बी.आर.सी.	04	3200.00	3200.00	-	-
	पेयजल		-	-	-	-
	लघुमरम्मत		-	-	-	-
2002–03	अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण	52	1456.00	1456.00	-	-
	लघुमरम्मत	158	3160.00	3160.00	-	-
	पेयजल	135	4400.00	1708.834	-	-
2003–04	पेयजल	65		1430.00	-	-

A पहुँच का विस्तार प्रगति परिदृश्यः–

सकल पहुँच दर

कुल बस्तियां	सेवित बस्तियां			शेष असेवित बस्तियां	जी0ए0आर0			लक्ष्य अन्तराल
	परि0 पूर्व	परि0 पश्चात	योग		परि0 पूर्व	परि0 पश्चात	वृद्धि	
1246	1045	150	1195	51	76.8	95.9	19.1	4.1

नवीन प्रा0 वि0 की स्थापना	शिक्षा घर	विद्या केन्द्र	सेवित बस्तियां			कुल सेवित बस्तियां
			नवीन प्रा0 वि0	शिक्षा घर	विद्या केन्द्र	
28	15	55	60	22	68	150

शिक्षामित्र/आचार्य/अनुदेशक व्यवस्था अद्यतन प्रगति

क्र0 सं0	विवरण	कुल स्वीकृत	कार्यरत	प्रशिक्षण विवरण		अभ्युक्ति
				सेवापूर्व	सेवारत	
1	शिक्षामित्र	123	118	121	118	
2.	नवीन प्रा0वि0 हेतु पदोन्नत प्र0अ0	28	16	—	16	
3	अनुदेशक	15	15	15	15	केन्द्र संचालित
	आचार्य	55	55	55	29	केन्द्र संचालित

स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमः

उत्तरांचल बाल कल्याण परिषद के दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण माह नवम्बर 2003 में कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्पावत की उक्त स्वास्थ्य परीक्षण सूचना के अनुसार कुल 19767 बच्चे विभिन्न प्रकार की विमारियों/कमियों से ग्रसित हैं। जिसका विवरण अग्र तालिका में दिया जा रहा है। इनमें से 603 वच्चे जो गम्भीर विमारियों से पीड़ित हैं। उच्च स्वास्थ्य केन्द्रों को सन्दर्भित किए गये हैं।

खून की कमी	विटामिन ए की कमी	ऑखों की बिमारी	त्वचा रोग	उदर रोग	दन्त रोग	कर्ण रोग	अन्य	PHC को सन्दर्भित	कुल
1389	134	255	331	189	1190	619	689	603	18767

जनपद का छात्र अध्यापक अनुपात (पी.टी.आर.)

क्रम0 सं0	विकास क्षेत्र	विद्यालय	परिषदीय विद्यालयों में नामांकित बच्चे			कार्यरत शिक्षक			पी.टी.आर. शिक्षा मित्र सहित	पी.टी.आर. शिक्षा मित्र को छोड़कर
			बा0	बालि0	योग	नियमित	शिक्षा मित्र	योग		
11	पाटी	124	3149	3512	6661	131	60	191	35:1	51:1
22	बाराकोट	70	1678	2015	3693	88	29	117	32:1	42:1
33	लोहाघाट	100	2658	3234	5892	129	44	173	34:1	46:1
44	चम्पावत	151	5196	5795	10991	221	63	284	39:1	50:1
योग		**445**	**12681**	**14556**	**27237**	**569**	**196**	**765**	**36:1**	**48:1**

छात्र नामांकन प्रगति परिदृश्य वर्ष 2003–04

Sl. No.	Block	Population of 6-11Age group children											
		Total			SC			ST			OBC		
		B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
1	पाटी	4212	4044	8256	768	721	1489	-	-	-	91	93	184
2	बाराकोट	2049	2057	4106	458	447	905	-	-	-	45	62	107
3	लोहाघाट	3781	3634	7415	844	852	1696	3	4	7	138	121	259
4	चम्पावत	7546	7044	14590	1452	1361	2813	34	33	67	626	547	1173
	Total	17588	16779	34367	3522	3381	6903	37	37	74	900	823	1723

Enrollment of 6-11Age group children													
		Total			SC			ST			OBC		
क्र0	विकास खण्ड	B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
1	पाटी	4207	4034	8241	767	718	1485	-	-	-	91	92	183
2	बाराकोट	2049	2054	4103	458	445	903	-	-	-	45	61	106
3	लोहाघाट	3765	3594	7359	837	843	1680	3	4	7	138	121	259
4	चम्पावत	7518	7007	14525	1444	1346	2790	32	31	63	625	539	1164
	योग	17539	16689	34228	3506	3352	6858	35	35	70	899	813	1712

Sl. No.	Block	Out of school children 6-11Age group											
		Total			SC			ST			OBC		
		B	G	T	B	G	T	B	G	T	B	G	T
1	पाटी	5	10	15	1	3	4	-	-	-	-	1	1
2	बाराकोट	0	3	3	0	2	2	-	-	-	-	1	1
3	लोहाघाट	16	40	56	7	9	16	-	-	-	-	-	-
4	चम्पावत	28	37	65	08	15	23	02	02	04	01	08	09
	Total	49	90	139	16	29	45	2	2	4	1	8	9

A-3 वैकल्पिक स्कूलः

परियोजना प्रारम्भ से वर्ष 2004 तक जनपद में 28 नवीन प्राथमिक विद्यालय, 15 शिक्षा घर तथा 55 विद्या केन्द्रों की स्थापना के उपरान्त भी कुल 51 बस्तियां अभी असेवित रह गई हैं। जनपद में 6 से 11 वय वर्ग के कुल 139 बच्चे अभी स्कूल से बाहर हैं। सूक्ष्म नियोजन के आधार पर ये बच्चे उन बिखरी बस्तियों के हैं जहां जनसंख्या मानकानुसार प्राथमिक विद्यालय स्थापित नहीं किये जा सकते हैं। जंगल, चट्टानी मार्ग, नदी–नाले एवं खड़ी चढ़ाई आदि प्राकृतिक अवरोध ऐसी बस्तियों के बच्चों के लिए पहुँच /नामांकन में बाधक हैं। 10 असेवित बस्तियों को सेवित करने का लक्ष्य वर्ष 2004–05 में रखा गया है। वर्तमान में 55 विद्याकेन्द्र तथा 15 शिक्षाघर जनपद में संचालित हैं। इन केन्द्रों से जनपद की कुल 90 असेवित बस्तियॉ सेवित हुई हैं तथा जनपद के सकल पहुँच दर (जी0 ए0 आर0) में काफी वृद्वि हुई है। इन केन्द्रों में कार्यरत सभी आचार्यो एवं अनुदेशकों का सेवापूर्व प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है तथा पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण भी पूर्ण हो चुका है। इनमें अध्ययनरत बच्चों को शिक्षा की मूलधारा से जोड़ने के लिए उन्हें नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित कराया जा रहा है। विगत वर्ष में 137 छात्र–छात्राओं को इन केन्द्रों से शिक्षा की मूल धारा से जोड़ा गया है। वर्तमान में विद्याकेन्द्रों में 867 छात्र–छात्राऐं तथा

शिक्षाघरों में 475 छात्र–छात्राऐं अध्ययनरत हैं। इन केन्द्रों के स्थापित किये जाने के उपरान्त जहॉ जनपद का जी0ए0आर0 सकल पहुॅच दर में में वृद्वि हुई है वहीं छात्रों के सकल नामांकन दर जी0 ई0 आर0 में भी वृद्वि हुई है तथा स्कूल न जाने वाले वच्चों की संख्या में कमी आई है।

R) ठहराव प्रगति परिदृश्य

जनजागरण अभियान

जनपद में वर्ष 2003–04 में चलाये गये स्कूल चलो अभियान के बाद छात्र नामांकन में हुई वृद्धि का विवरण निम्न तालिका में दर्शाया जा रहा है:

नामांकन में वृद्धि			अनु0 जाति			अनु0 जन जाति		
वालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1605	1792	3397	459	680	1139	10	08	18

बालिका शिक्षा विकास प्रगति परिदृश्य

जनपद में बालिकाओं तथा अपवंचित वर्ग के बच्चों के शैक्षिक पिछड़ेपन को दूर करना परियोजना का प्रमुख लक्ष्य है अतः इन वर्गो के बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए जनपद में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जनपद के पृथक पृथक क्षेत्रों में बालिका शिक्षा की अलग अलग स्थितियां हैं। विभिन्न क्षेत्रों की विभिन्न परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त जनपद में एक साथ तथा एक जैसी कार्यनीति एवं कार्यकमों का कियान्वयन लक्ष्य प्राप्ति की दृष्टि से सफल नहीं हो सकते। अतः शैक्षिक रूप से अधिक पिछडी न्याय पंचायतों में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मॉडल कलस्टर डेवलपमेंट एप्रोच की रणनीति अपनाई गई है। डी0पी0ई0पी0 परियोजना के अर्न्तगत शैक्षिक रूप से पिछडी दस न्याय पंचायतों को आदर्श संकुल (मॉडल कलस्टर) के रूप में विकसिक करने हेतु चयनित किया गया है जिनके चयन के मानक निम्नवत हैं–

- न्यून महिला साक्षरता दर वाली न्याय पंचायत।
- अनुसूचित जाति/जनजाति बहुल न्याय पंचायत।
- कम बालिका नामांकन एवं ठहराव वाली न्याय पंचायत।
- कामकाजी एवं अनियमित बालिका उपस्थिति वाली न्याय पंचायत।
- शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ी/दूररथ न्याय पंचायत।

आदर्श संकुलों हेतु चयनित न्याय पंचायतों तथा अन्य न्याय पंचायतों में बालिका शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2000 से वर्ष 2004 तक निम्नांकित कार्यक्रम संचालित किये गये हैं–

बालिका शिक्षा के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों का वर्षवार विवरण

क0 सं0	आदर्श संकुल का नाम	मीना कम्पेन	नुक्कड नाटक	माँ बेटी मेला		बाल मेला		VEC T rg.	WMG Trg.	MTA Trg.	ममता समूह गठन / प्रशि0
		00-01	01-02	01-02	02-03	02-03	03-04	00-01	01-02	01-02	03-04
1	कमलेख	06	-	01	-	04	1	06	01	06	08
2	चौडाकोट	20	-	01	-	05	1	20	01	20	32
3	रैघांव	14	-	01	-	05	1	14	01	14	20
4	वसकुनी	05	-	01	-	05	1	05	01	05	15
5	डुमडाई	-	02	01	-	05	1	08	01	08	16
6	रौसाल	-	09	01	-	05	1	10	01	10	23
7	ख्वाला	-	14	01	01	05	1	15	01	15	31
8	सिप्टी	12		01	01	05	1	12	01	12	26
9	सिमियाउरी	-	07	01	&	04	1	06	01	06	13
10	दूबडजैनल	-	01	01	-	05	1	08	01	08	14
	योग	57	33	10	02	48	10	104	10	104	198
	अन्य 14 न्याय पंचायत					56	14	135	-		
	महायोग	**57**	**33**	**10**	**02**	**104**	**24**	**239**	**10**	**104**	**198**

जनपद में परियोजनान्तर्गत अद्यतन चलाये गये बालिका शिक्षा कार्यक्रमों के फलस्वरूप परियोजना लक्ष्यों की प्रगति का विवरण निम्नतालिकाओं में दर्शाया जा रहा है–

प्रारम्भिक शिशु देख–रेख एवं शिक्षा केन्द्र (ई.सी.सी.ई.) केन्द्रों की स्थापना।

जनपद में समेकित बाल विकास परियोजना (ICDS) वर्ष 2003–04 से कियान्वित हुई है। अतः छोटे भाई बहिनों की देख–रेख के कारण स्कूल न जाने वाली अथवा अनियमित उपस्थित रहने वाली बालिकाओं को दृष्टिगत रखते हुये जनपद में स्थापित विद्याकेन्द्रों (ई0जी0एस0) के साथ वर्ष 2002–03 से पांच ई0जी0एस0 विद् ई0सी0सी0ई0 केन्द्र पायलट केन्द्रों के रूप में संचालित किये गये थे। जिनमें से वर्तमान में 3 केन्द्र संचालित हैं। इन केन्द्रों में 03 से 06 आयुवर्ग के बच्चों के नामांकन की स्थिति निम्नवत् है:–

क0 सं0	ई0जी0एस0 विद ई0सी0सी0ई0 केन्द्र	नामांकन		
		बालक	बालिका	योग
1	बरितियागूँठ	08	12	20
2	खेत	07	10	17
3	खुतेली	11	08	19
	महायोग	26	30	56

Q) गुणवत्ता संवर्धन : प्रगति परिदृश्य

1. अध्यापक प्रशिक्षण, आचार्य/अनुदेशक प्रशिक्षण, प्रशिक्षणों का मुख्य बल (फोकस) व प्रशिक्षण का क्रम प्रपात

अध्यापक प्रशिक्षण:

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिवर्ष सेवारत अध्यापकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाता रहा है। वर्ष 2001–02 में 'साधन मॉड्यूल' पर आधारित 08 दिवसीय प्रशिक्षण बी. आर.सी. स्तर पर आयोजित किया गया। इससे पूर्व जनपद स्तर पर डायट के वैकल्पिक प्रशिक्षण केन्द्र पर टी0ओ0टी0 प्रशिक्षण के द्वारा सन्दर्भ व्यक्तियों का समूह तैयार किया गया। इस समूह द्वारा सभी विकास खण्डों में पुनः कार्यरत अध्यापकों को शिक्षण की सफल विधाओं, रूचिकर शिक्षा एवं पाठ योजना आदि से परिचित करवाया गया। इसी प्रकार वर्ष 2002–03 में 'कठिन स्थलों पर आधारित स्वअधिगम व स्वनिर्देशित मॉड्यूल पर आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल' द्वारा सेवारत अध्यापकों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण बी0आर0सी0 स्तर पर आयोजित किया गया।

वर्षवार प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रगति विवरण निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	वर्ष	प्रशिक्षण मॉड्यूल का नाम	प्रशिक्षण अवधि	सेवारत शिक्षकों की संख्या	प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या
1	2001–02	'साधन'	08 दिवसीय	591	586
2	2002–03	'कठिन स्थलों पर आधारित'	10 दिवसीय	564	540

शिक्षा मित्र/आचार्य/अनुदेशक प्रशिक्षण

वर्ष 2001–02 में जनपद के चयनित शिक्षा मित्रों का 30 दिवसीय सेवापूर्व प्रशिक्षण डायट के वैकल्पिक केन्द्र लोहाघाट में 03 चक्रों में एवं 01 चक्र डायट डीडीहाट, पिथौरागढ़ में सम्पादित किया गया। इसी प्रकार आचार्य व अनुदेशक प्रशिक्षण भी सम्बन्धित प्रशिक्षण केन्द्रों में आयोजित किए गये। वर्ष 2002–03 में चयनित आचार्य/अनुदेशक का सेवापूर्व प्रशिक्षण एवं पूर्व में चयनित शिक्षा मित्र/आचार्य/अनुदेशक का 15 दिवसीय आवर्ती प्रशिक्षण डायट डीडीहाट, पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया।

वर्षवार प्रशिक्षण की प्रगति आख्या निम्नवत् है:–

क्र0 सं0	वर्ष	प्रशिक्षण का नाम	प्रशिक्षण अवधि	कुल चयनित/कार्यरत शिक्षामित्र/आचार्य/अनुदेशक	प्रशिक्षित शिक्षामित्र/आचार्य/अनुदेशक

1	2001–02	सेवापूर्व शिक्षामित्र	30 दिवसीय	203	197
		सेवापूर्व आचार्य / अनुदेशक	30 दिवसीय	26	26
2	2002–03	सेवारत प्रशिक्षण शिक्षामित्र	15 दिवसीय	197	197
		सेवापूर्व आचार्य / अनुदेशक	30 दिवसीय	22	22
3	2003–04	सेवापूर्व आचार्य / अनुदेशक	30 दिवसीय	23	23
		सेवारत आचार्य / अनुदेशक	15 दिवसीय	70	44

2. बी.आर..सी. / एन.पी.आर.सी. से अकादमिक सहायता– (विद्यालयों का वीक्षण, मासिक बैठकें, डायट से सम्वन्यन आदि

बी.आर..सी. / एन.पी.आर.सी. से अकादमिक सहायता

परियोजना के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन, विद्यालयों के शैक्षिक एवं भौतिक परिवेश को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बी0आर0सी0 / एन0पी0आर0सी0 समन्वयकों के द्वारा प्रत्येक माह अपने कार्य क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का नियमानुसार वीक्षण, परिवेक्षण एवं अनुसमर्थन किया जाता है। इसके साथ ही शैक्षिक समस्याओं की पहचान करते हुए उनके निराकरण हेतु सम्यक प्रयास भी किया जाता रहा है। आवश्यकतानुसार आदर्श पाठ भी वीक्षण के दौरान कक्षा में दिया जाता है।

प्रतिमाह नियमित रूप से मासिक बैठकों का आयोजन नियत तिथि को किया जाता है। जिसमें शैक्षिक मुद्दों पर व्यापक विचार विमर्श करते हुए शैक्षिक उन्नयन हेतु सामूहिक निर्णय लिये जाते हैं। समस्या समाधान अपने स्तर पर न हो पाने की स्थिति में डायट तथा डी0पी0ओ0 को अवगत कराया जाता है।

प्रत्येक माह डायट एवं डी0पी0ओ0 स्तर पर भी बैठकों का नियमित आयोजन किया जाता है। डायट स्तर पर विभिन्न शैक्षिक मुद्दों के समाधान हेतु चर्चा की जाती है। समय–2 पर डायट के मेन्टर्स के द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों का वीक्षण, अनुसमर्थन भी किया जाता है।

3. टी.एल.एम. निर्माण व उपयोग

टी0एल0एम0 कार्यशालाः

परियोजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष प्रत्येक अध्यापक को शिक्षण अधिगम सहायक सामग्री निर्माण हेतु रू0 500.00 शिक्षक अनुदान के रूप में दिया जाता है। टी.एल.एम. निर्माण से पूर्व टी. एल.एम. की अवधारणा निर्माण एवं उपयोग को स्पष्ट करने के लिए वर्ष 2002–03 में जनपद स्तर पर टी.एल.एम. कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बी.आर.सी./एन.पी.आर.सी. व अन्य अभिकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

टी.एल.एम. प्रदर्शनी

प्रतिवर्ष माह अक्टूबर से दिसम्बर के मध्य 24 एन.पी.आर.सी. स्तर पर टी.एल.एम. प्रदर्शनी/प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक विद्यालय के अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। न्याय पंचायत स्तर पर चयनित तीन अध्यापकों ने अपने से सम्बन्धित विकास खण्ड स्तरीय टी.एल.एम. प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। विकास खण्ड स्तर पर सम्पन्न प्रतियोगिताओं में चयनित शिक्षकों ने जनपद स्तरीय टी.एल.एम. प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। वर्ष 2002–03 में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त शिक्षक द्वारा राज्य स्तर पर जिला समन्वयक, प्रशिक्षण के नेतृत्व में रूड़की डायट में प्रतिभाग किया। जहॉ पर जनपद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

4. स्कूल ग्रेडिंग

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित विभिन्न भौतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य विद्यालय के भौतिक परिवेश को आकर्षक बनाने के साथ–2 बच्चे की शैक्षिक सम्प्राप्ति को अपेक्षित स्तर तक लाना है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के मापन हेतु शिक्षाविदों एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों/शिक्षकों/समन्वयकों द्वारा विशेष प्रकार का विद्यालय कोटिकरण प्रपत्र तैयार किया गया हैं। इस प्रपत्र के द्वारा प्रत्येक विद्यालय का वर्ष में तीन बार कोटिकरण किया जाता है। कोटिकरण की श्रेणियॉ ए.बी.सी.डी. एवं ई. निर्धारित की गई हैं। कोटिकरण के उपरान्त प्रत्येक विद्यालय को उच्च स्तर की श्रेणी ए. में ले जाने हेतु निदानात्मक उपाय भी किए जाते हैं। वर्ष 2002–03 में जनपद के समस्त 444 विद्यालयों का तीन बार कोटिकरण एवं वर्ष 2003–04 में दो बार कोटिकरण किया जा चुका है।

अब तक किए गये समस्त कोटिकरण का विवरण निम्न तालिका में दर्शाया जा रहा है:–

वर्ष 2002–2003

क्र0 सं0	कोटि	प्रथम मूल्यांकन	द्वितीय मूल्यांकन	तृतीय मूल्यांकन

1	AA	3	6	24
2	BA		1	6
3	CA		1	1
4	DA			1
5	EA			
6	AB	11	35	89
7	BB	24	68	122
8	CB	7	9	6
9	DB			3
10	EB		1	1
11	AC	15	24	23
12	BC	140	153	104
13	CC	122	95	51
14	DC	9	6	2
15	EC	5	1	
16	AD			
17	BD	17	9	1
18	CD	59	6	6
19	DD	31	18	4
20	ED		11	
21	AE			
22	BE			
23	CE			
24	DE	1		
25	EE			
योग		**444**		**444**

वर्ष 2003–2004

क्र0 स0	कोटि	प्रथम मूल्यांकन	द्वितीय मूल्याकन
1	AA	16	24
2	BA	51	51
3	CA	20	07
4	DA	01	-
5	EA	-	-
6	AB	10	44
7	BB	101	164
8	CB	125	31
9	DB	06	-
10	EB	-	-
11	AC	16	26
12	BC	19	30
13	CC	61	20
14	DC	06	-

15	EC	01	-
16	AD	01	01
17	BD	04	04
18	CD	02	01
19	DD	01	-
20	ED	01	-
21	AE	-	-
22	BE	-	-
23	CE	01	-
24	DE	-	01
25	EE	-	-
योग		443	404

5. विद्यालय विकास अनुदान

परियोजना द्वारा विद्यालय के अपेक्षित एवं आकर्षक स्वरूप को बनाये रखने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रत्येक विद्यालय को रू0 2000.00 अनुदान के रूप में दिया जाता है। जिसके द्वारा भवन के रंग रोगन, सफेदी, टाट पट्टी, ब्लैक बोल्ड, फर्नीचर आदि की व्यवस्था वरीयता के अनुसार की जाती है। इस व्यय का पर्यवेक्षण एवं सत्यापन करने के उपरान्त उपभोग प्रमाण पत्र सम्बन्धित सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापित कराया जाता है।

क्र0 सं0	वर्ष	विद्यालयों की कुल संख्या	विद्यालय जहॉ धनराशि दी गई	अभ्युक्ति
1	2000–01	399	399	
2	2001–02	417	417	28 नवीन विद्या0 सम्मिलित
3	2002–03	445	445	18 विद्यालय टनकपुर क्षेत्र में सम्मिलित
4	2003–04	444	444	01 असंचालित

शिक्षक अनुदानः

प्रतिवर्ष प्रत्येक शिक्षक को रू0 500.00 की धनराशि शिक्षण सहायक सामग्री बनाये जाने के उद्देश्य से दिया जाता है जिसका विवरण निम्न तालिका में दर्शाया जा रहा हैः–

क्र0 सं0	वर्ष	कुल कार्यरत अध्यापक	धनराशि कितने अध्यापकों को वितरित की गई	अभ्युक्ति
1	2001–02	596	596	टी.एल.एम. निर्माण की प्रदर्शनी का आयोजन एवं प्रयोग
2	2002–03	598	598	
3	2003–04	560	560	

6. मापन मूल्यांकन

जनपद चम्पावत के अन्तर्गत बाराकोट विकास खण्ड के सभी प्राथमिक विद्यालयों का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन पायलट प्रोजक्ट के रूप किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं का शैक्षिक एवं पाठ्ययेत्तर क्रियाकलापों का मापन किया जा रहा है। वर्ष में दो बार (छः माही व वार्षिक) मापन किया जाना है। जिससे प्रत्येक छात्र के व्यक्तिगत शैक्षिक/शिक्षणेत्तर स्तर का पता चल जाता है।

